# अंचल कार्यालय, महेशपुर।

राजस्व विविध वाद अभिलेख संख्या–30/16–17

(बिहार भूमि सुधार अधिनियम 1950 (झारखण्ड में अंगीकृत) धारा–4 (H) के अर्न्तगत)

| आदेश की तिथि | पदाधिकारी का आदेश | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| | इस वाद की कार्यवाही मुख्य सचिव, झारखंड सरकार के पत्रांक 04/रा0भू0 (दिशा निर्देश)–95/2016, 2074/रा0 राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार दिनांक 13.05.2016 के आलोक में अपर समाहर्ता के संसूचित आदेश ज्ञापांक 479/रा0 दिनांक 14.05.2016 से अनाबादी खातान्तर्गत गैर मजरूआ आम/खास भूमि की संदेहास्पद कायम जमाबंदी की जांच संदर्भित प्राप्त निदेश के आलोक में प्रारम्भ की गई है। संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक द्वारा अंचल निरीक्षक के माध्यम से प्रतिवेदित है कि **मौजा–महेशपुर, खाता संख्या–162, दाग सं0–1061 कुल रकवा–10 बीघा 03 कट्ठा 18 धूर भूमि विगत सर्वे खतियाना में है एवं मौजा–महेशपुर के राजस्व पंजी–II में महेश्रवरी देवी के नाम से बिना आधार साक्ष्य प्रविष्टि के जमाबंदी कायम है एवं लोकहित एवं सरकार के हित में कायम जमाबंदी विलोपन एवं सरकार में सन्निहित करने की अनुशंसा की गई है।**<br><br>यह वाद वर्ष 2016–17 से लंबित है। अभिलेख कार्यालय में अभिलेख सहायक के पास नही पाया गया। अभिलेख सहायक ने बताया कि यह अभिलेख हमे प्रभार में नही प्राप्त हुआ है। अवैध जमाबंदी पंजी के अवलोकन के पश्चात पाया कि इस वाद में कार्रवाई/अभिलेख खुला ही नही है। वाद बहुत समय से लंबित रहने के कारण वाद को आगे चलाना न्याय संगत नही है। अतः तत्काल रुप से बंद की जाती है। अभिलेख संचिकास्त।<br><br>[signature] 10/9/15<br>अंचल अधिकारी<br>महेशपुर<br><br>[signature] 10/9/15<br>अंचल अधिकारी<br>महेशपुर | |

Digitally signed by SANJAY KUMAR SINHA
Date: 2025.01.02 13:15:46 +05:30
Location: 192.168.0.103

Scanned with CamScanner